एक्सपर्ट बताएंगे स्टार्टअप के लिए फंड जुटाने का तरीका

आईआईटी कानपुर में एक से तीन सितंबर तक ई-समिट 2017, होंगी वर्कशॉप, उद्यमी देंगे स्टार्ट अप और एंटरप्रिन्योरशिप के टिप्स

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर।

क्या आप स्टार्ट अप या एंटरप्रिन्योरशिप के तहत कंपनी खोलना चाहते हैं। अगर हां तो आपके काम की खबर है। कंपनी खोलने के लिए कहां और कैसे फंड मिल सकता है, इसकी जानकारी एक से तीन सितंबर के बीच आईआईटी कानपुर के ई-सेल की ओर से आयोजित हो रहे ई-समिट 2017 (दि एंटरप्रिन्योरशिप समिट) के तहत उपलब्ध कराई जाएगी। ई-समिट में देश और दुनिया के कई बड़े उद्यमी आपको बिजनेस करने का तरीका बताएंगे।

आपको स्टार्ट अप के लिए कहां से फंड मिल सकता है, वे इसकी जानकारी देंगे। ई-समिट का मीडिया पार्टनर 'अमर उजाला' है। इस वर्कशॉप में कोई भी और किसी भी उम्र का व्यक्ति शामिल हो सकता है। बस इसके लिए आपको 28 अगस्त से पहले www.ecelliitk.org/esummit पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। ई-सेल की हेड मीडिया एंड पब्लिसिटी मिहीका जैन ने बताया कि रजिस्ट्रेशन चार्ज दो सौ रुपये है। अधिक जानकारी के लिए 8085822338 पर आयोजन सदस्य मयंक चौहान से संपर्क कर सकते हैं।

आईआईटी ई-समिट आयोजन समिति के सदस्य।

e.summit 01 - 03 Sep | 2017

मीडिया पार्टनर

अमर उजाला जोश! सच का!

प्रतियोगिताएं होंगी, मिलेगा दस लाख का इनाम

ई-समिट के दौरान तीन दिनों तक विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें पिच योर प्रोडक्ट, स्टॉक दि स्टॉक, डिसक्रिप्ट, बिजनेस क्विज, अपस्टार्ट बिज, अपस्टार्ट सोचा शामिल है। इसके लिए पांच सौ से भी ज्यादा प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। अप स्टार्ट बिज और अप स्टार्ट सोचा प्रतियोगिता के विजेता को दस लाख रुपये पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे।

इन टॉपिक पर होगी वर्कशॉप

ब्लॉक चेन एंड क्राइप्टोकैरेंसी : मतलब एक देश की मुद्रा को दूसरे देश की मुद्रा में डिजिटली परिवर्तित कराने का तरीका बताया जाएगा।

बिल्डिंग अ स्टार्ट अप : नैसकॉम की तरफ से इस टॉपिक पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें स्टार्ट अप के लिए आइडिया और प्रोजेक्ट तैयार करने के तरीके सिखाए जाएंगे।

फंडरेजिंग फॉर स्टार्ट अप : स्टार्ट अप के तहत किसी कंपनी या कारोबार की शुरुआत करने के लिए कैसे सरकारी व गैर सरकारी संगठनों से फंड मिल सकता है इसके लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

डिजाइन थिंकिंग : इंजीनियरिंग, मेडिकल व बिजनेस के क्षेत्र की बेहतरी के लिए अलग-अलग तरीके बताए जाएंगे।

स्टॉक मार्केट : इसमें स्टॉक बाजार के बारे में बताया जाएगा। स्टॉक बाजार से बिजनेस करने का तरीका भी बताया जाएगा।

ऑप्टीमाइजिंग गवर्नमेंट स्कीम : इसमें स्टार्ट अप, स्टैंड अप, एंटरप्रिन्योरशि, एमएसएमई जैसी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।